आ0सं0:-भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-10/2022..................दिनांक-

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

# आदेश

भवन प्रमंडल, बेतिया जिलान्तर्गत चनपटिया प्रखंड के उत्तरी घोघा पंचायत में बाढ़ आश्रय स्थल के निर्माण कार्य में छत की ढ़लाई के बाद रात्रि में अचानक छत का पिछला हिस्सा गिरकर ध्वस्त हो गया । उक्त कार्य में हुये अनियमितता के संबंध में मुख्य अभियंता (गुणवत्ता अनुश्रवण) के द्वारा संवेदक, मेसर्स कम्बाईड बिल्डर्स एण्ड कम्पनी, न्यू गोपालपुर, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण को दोषी मानते हुए पत्रांक-38 दिनांक-07.02.2022 द्वारा इनके विरूद्ध बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी ।

मुख्य अभियंता (गुणवत्ता अनुश्रवण) द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन/कालीकरण संबंधित बैठक में इस पर विचार किया गया तथा विचारोपरांत विभागीय पत्रांक-2884 दिनांक-21.04.2022 एवं पत्रांक-4051 दिनांक-21.06.2022 द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण पूछा गया । साथ ही विभागीय पत्रांक-4465 दिनांक-30.06.2022 द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भी संवेदक से स्पष्टीकरण पूछने हेतु सूचित किया गया परन्तु संवेदक द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया ।

पुनः दिनांक-19.07.2022 को अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन/कालीकरण संबंधित बैठक में इस मामले पर विचार किया गया तथा विचारोपरांत समिति द्वारा संवेदक के निबंधन को तीन वर्षों के लिए निलंबित करने का निर्णय लिया गया ।

अतः संवेदक, मेसर्स कम्बाईड बिल्डर्स एण्ड कम्पनी, न्यू गोपालपुर, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण के निबंधन सं०-Class-2(2200071)(Build)/(BCD)2020 को आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन वर्षों के लिए निलंबित किया जाता हैं ।

ह0/-

(राकेश कुमार)

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव

ज्ञापांक-भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-10/2022 पटना,दिनांक-

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपिः-संवेदक, मेसर्स कम्बाईड बिल्डर्स एण्ड कम्पनी, न्यू गोपालपुर, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण के निबंधन सं०-Class-2(2200071)(Build)/(BCD)2020 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव

ज्ञापांक- भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-10/2022........ पटना,दिनांक-

प्रतिलिपिः-सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग,/अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग/पथ निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/ऊर्जा विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना/सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग/मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/-

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव

ज्ञापांक- भवन-13/अभि0प्र0(नि0)-03-निलंबन/कालीकृत-10/2022.....5637(अ)...पटना,दिनांक- 08/8/22

प्रतिलिपिः-आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

05/08/22

अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव

Sec-13 Prakash